Scholars JUNIORS
AN EXCLUSIVE PRIMARY CAMPUS

Circular – SJS/11/26-27

कक्षा – II & III

दोहा गायन प्रतियोगिता



दिनांक – 06.05.25

आदरणीय अभिभावकगण

सस्नेह अभिवादन

आशा है कि आप सभी सकुशल और स्वस्थ होंगे | हम सभी जानते हैं कि विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण में नैतिक मूल्य एक महत्त्वपूर्ण कड़ी का काम करते हैं | नन्हे स्कॉलर्स के सुदृढ़ चरित्र निर्माण एवं उन्हें नैतिक मूल्यों व सामाजिक चेतना के प्रति जागरूक करने की दिशा में कक्षाएँ दूसरी और तीसरी के विद्यार्थियों के लिए **वीरवार 21मई, 2026 को 'दोहा गायन प्रतियोगिता'** का आयोजन किया जा रहा है | इस प्रतियोगिता का प्रथम चरण दिनांक (16.05.26) और अंतिम चरण दिनांक (21.05.26) को किया जाएगा | इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में श्रवण – कौशल कला ,आत्मविश्वास , लयात्मक दोहा गायन एवं अपनी मातृभाषा के प्रति सम्मान की भावना का विकास होगा |

अत: आपसे निवेदन है कि सभी विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित करें | इस प्रतियोगिता के लिए आप छात्रों को कबीर और रहीम के दोहे कंठस्थ करवाएं व उनका अर्थ भी बताएं | विद्यार्थियों के मूल्यांकन का मानदंड इस प्रकार किया जाएगा |

क. प्रस्तुतीकरण ख. हाव-भाव ग. लयात्मक गायन घ. अर्थ के अनुसार किया जाएगा |
आपके पूर्ण सहयोग व विद्यार्थियों की पूर्ण प्रतिभागिता की अपेक्षा करते हुए !
सहर्ष धन्यवाद |

Vanita

प्रधानाचार्या